**Series &RQPS**

**Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **63**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)
# PSYCHOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **19** printed pages. |
| (II) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (II) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (III) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (III) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *जिन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, उन्हें छोड़कर* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *: प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***15*** *में प्रत्येक के लिए* ***1*** *अंक निर्धारित है । आपसे निर्देशानुसार उत्तर देने की अपेक्षा की जाती है ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *: प्रश्न संख्या* ***16*** *से* ***21*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए* ***2*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *: प्रश्न संख्या* ***22*** *से* ***24*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए* ***3*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***60*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *: प्रश्न संख्या* ***25*** *से* ***28*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए* ***4*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***120*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ*** *: प्रश्न संख्या* ***29*** *और* ***30*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए* ***6*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***200*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड च*** *: प्रश्न संख्या* ***31*** *से* ***34 दो*** *व्यक्ति अध्ययनों पर आधारित प्रश्न हैं । इन पर आधारित* ***1*** *अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा* ***20*** *शब्दों और* ***2*** *अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए ।*

## खण्ड क

**1.** संगीता एक परामर्शदाता है । वह अपने सेवार्थी के साथ अंत:क्रिया के आधार पर जानकारी एकत्र करती है । वह _________ को मूल्यांकन की एक विधि के रूप में उपयोग कर रही है । *1*

(A) आत्म प्रतिवेदन  (B) प्रेक्षण

(C) मनोवैज्ञानिक परीक्षण  (D) साक्षात्कार

**2.** सुरेन्द्र के नवजात बेटे को अपने बारे में कोई जानकारी नहीं है । यह निम्नलिखित में से क्या संदर्भित करता है ? *1*

(i) वह अपने वातावरण में विद्यमान विभिन्न वस्तुओं जैसे कि अपने कमरे में मौजूद कुर्सी या मेज़ से अनजान है ।

(ii) वह भूख लगने पर रोने में सक्षम है ।

(iii) कभी-कभी वह सोते समय मुस्कुराता है ।

(iv) उसके आस-पास के लोग उसके अनुभव का हिस्सा हैं, हालाँकि वह इसका कोई अर्थ नहीं निकाल सकता ।

(A) (i) और (ii)  (B) (i) और (iv)

(C) (iii) और (iv)  (D) (ii) और (iii)

***General Instructions :***

*(i)* ***All** questions are **compulsory**, except where internal choice has been given.*

*(ii)* *Question No. **1 – 15** in **Section A** carry **1** mark each. You are expected to answer them as directed.*

*(iii)* *Question No. **16 – 21** in **Section B** are Very Short Answer Type-I Questions carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **30** words.*

*(iv)* *Question No. **22 – 24** in **Section C** are Short Answer Type-II Questions carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(v)* *Question No. **25 – 28** in **Section D** are Long Answer Type-I Questions carrying **4** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(vi)* *Question No. **29** and **30** in **Section E** are Long Answer Type-II Questions carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **200** words.*

*(vii)* *Question No. **31 – 34** in **Section F** are based on **two** case studies given. Answer to each **1** mark question should not exceed **20** words. Answer to each **2** marks question should not exceed **30** words.*

## SECTION A

**1.** Sangeeta is a counsellor. She interacts with the client and seeks information from the client on one-to-one basis. She is using __________ as a method of assessment. *1*

(A) Self-report (B) Observation

(C) Psychological test (D) Interview

**2.** Surendra's newborn son has no idea of his own self. This refers to which of the following ? *1*

(i) He is unaware of various objects in his environment, such as a chair or a table in his room.

(ii) He is able to cry when he is hungry.

(iii) Sometimes he smiles when he sleeps.

(iv) People around him are part of his experiences. However, he cannot gather any meaning from it.

(A) (i) and (ii) (B) (i) and (iv)

(C) (iii) and (iv) (D) (ii) and (iii)

**3.** इस प्रश्न में, अभिकथन (A) का कथन और उसके बाद तर्क (R) का कथन दिया गया है । कथनों को पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कीजिए । *1*

*अभिकथन (A) :* प्राथमिक मानसिक योग्यताओं के सिद्धांत में कहा गया है कि बुद्धि के अंतर्गत प्राथमिक योग्यताएँ शामिल होती हैं, जिनमें से प्रत्येक दूसरे से अपेक्षाकृत स्वतंत्र है ।

*तर्क (R) :* यह सिद्धांत व्याख्यायित करता है कि बुद्धि में दो स्तरों पर कार्य करने वाली योग्यताएँ होती हैं, जिन्हें प्रथम स्तर और द्वितीय स्तर कहा जाता है ।

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, लेकिन तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन तर्क (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन तर्क (R) सही है ।

**4.** शोरगुल भरे वातावरण, आवागमन, पानी की कमी तथा यातायात की भीड़-भाड़ के कारण नरेश व्यक्तिगत दबाव महसूस करता है । इन दबावों को ________ के रूप में बताया जा सकता है । *1*

(A) जीवन घटनाओं

(B) रोजमर्रा की परेशान करने वाली घटनाओं

(C) अभिघातज घटनाओं

(D) भौतिक दबाव

**5.** रीतिका के दबाव का स्तर उसके लिए अच्छा था और इससे उसके प्रदर्शन में भी सुधार हुआ । उसके दबाव-स्तर का वर्णन करने के लिए ____________ शब्द का उपयोग किया जाता है । *1*

(A) तनाव (B) व्यथा

(C) यूस्ट्रेस (D) मूल्यांकन

3. In this question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Read the statements and choose the appropriate option. *1*

*Assertion (A) :* The theory of primary mental abilities states that intelligence consists of primary abilities, each of which is relatively independent of the others.

*Reason (R) :* This theory explains that intelligence consists of abilities operating at two levels, called Level I and Level II.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

4. Naresh endures personal stresses due to noisy surroundings, commuting, water shortage and traffic snarls. These stresses can be reported as __________. *1*

(A) Life events

(B) Everyday hassles

(C) Traumatic events

(D) Physical stress

5. Ritika's stress level was good for her and enhanced her performance. The term used to describe her level of stress is called __________. *1*

(A) Strain (B) Distress

(C) Eustress (D) Appraisal

**6.** इस प्रश्न में, अभिकथन (A) का कथन और उसके बाद तर्क (R) का कथन दिया गया है । कथनों को पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कीजिए । *1*

*अभिकथन (A) :* महत्त्वपूर्ण परीक्षाओं का सामना कर रहे छात्र अत्यधिक दबावग्रस्त हो सकते हैं ।

*तर्क (R) :* अत्यधिक उच्च दबाव से ग्रस्त व्यक्तियों में प्राकृतिक रूप से नष्ट करने वाली कोशिकाओं की कोशिका-विषाक्तता में बहुत कमी पाई गई है ।

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, लेकिन तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन तर्क (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन तर्क (R) सही है ।

**7.** एक प्राचीन सिद्धान्त में माना जाता है कि अपसामान्य व्यवहार को _________ समझा जा सकता है । *1*

(A) विचारों, भावनाओं तथा संसार को देखने के नज़रिए में अपर्याप्तता

(B) अलौकिक व जादुई शक्तियों के कारण

(C) अशांत पारस्परिक संबंध

(D) यह विश्वास कि व्यक्ति इसलिए विचित्र ढंग से व्यवहार करता है क्योंकि उसका शरीर और मस्तिष्क उचित ढंग से काम नहीं करते

**8.** रंजीत अपने घर में ताला लगाने के बारे में सोचना रोक नहीं पा रहा है । काम के दौरान भी वह इस अनुचित और बार-बार आने वाले विचार से ग्रस्त रहता है । यह मुख्यत: _________ का लक्षण है । *1*

(A) दुश्चिंता विकार

(B) आतंक विकार

(C) मनोग्रस्ति व्यवहार

(D) बाध्यता व्यवहार

6. In this question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Read the statements and choose the appropriate option. *1*

*Assertion (A) :* Students facing important examinations can be highly stressed.

*Reason (R) :* Reduced levels of natural killer cell cytotoxicity have been found in people who are highly stressed.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

7. An ancient theory holds that abnormal behaviour can be explained by the __________. *1*

(A) Inadequacies in thinking, feeling or perceiving the world

(B) Operation of supernatural and magical forces

(C) Disturbed interpersonal relationships

(D) Belief that individuals behave strangely because their bodies and brains are not working properly

8. Ranjeet is unable to stop thinking about locking his house. At work, he is preoccupied with this unreasonable and repetitive thought. This is predominantly a symptom of __________. *1*

(A) Anxiety disorder (B) Panic disorder

(C) Obsessive behaviour (D) Compulsive behaviour

**9.** मिताली बिना उकसावे के दूसरों को तंग करती व उन पर हावी हो जाती है । वह निम्नलिखित में से किस प्रकार की आक्रामकता प्रदर्शित करती है ? *1*

(A) शाब्दिक आक्रामकता (B) शारीरिक आक्रामकता

(C) शत्रुतापूर्ण आक्रामकता (D) अग्रलक्षी आक्रामकता

**10.** पुनर्वास केन्द्र में हिना के चिकित्सक उसके ध्यान और स्मृति के बुनियादी कार्य में सुधार के लिए __________ प्रदान करते हैं । *1*

(A) सामाजिक कौशल प्रशिक्षण

(B) व्यावसायिक प्रशिक्षण

(C) संज्ञानात्मक पुनर्परीक्षण

(D) व्यावसायिक चिकित्सा

**11.** कुछ स्थितियों में वह समूह जो पूर्वाग्रह का लक्ष्य होता है, स्वयं ही पूर्वाग्रह को बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार होता है । लक्ष्य समूह के सदस्य इस तरह से व्यवहार करते हैं कि वे पूर्वाग्रह को प्रमाणित करते हैं । यह __________ की अवधारणा को व्याख्यायित करता है । *1*

(A) सत्य का आधार तत्त्व

(B) स्वत: साधक भविष्योक्ति

(C) बलि का बकरा बनाने

(D) अंत:समूह अभिनति

**12.** मयंक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के पीड़ितों की बिना शर्त मदद की क्योंकि उसे लगा कि वे ज़रूरतमंद हैं । यह ___________ का उदाहरण है । *1*

(A) सामाजिक संज्ञान

(B) सामाजिक सुगमीकरण

(C) समाजोपकारी व्यवहार

(D) छवि निर्माण

**9.** Mitali dominates and bullies others without any provocation. Thus, she exhibits which of the following type of aggression ? *1*

(A) Verbal aggression (B) Physical aggression

(C) Hostile aggression (D) Proactive aggression

**10.** Hina's therapist at the rehabilitation centre administers __________ to improve the basic functions of her attention and memory. *1*

(A) Social skills training

(B) Vocational training

(C) Cognitive retraining

(D) Occupational therapy

**11.** The group that is the target of prejudice is sometimes responsible for continuing the prejudice. The members of this target group may behave in a manner that proves the description to be true. This explains the concept of __________. *1*

(A) Kernel of truth

(B) Self-fulfilling prophecy

(C) Scapegoating

(D) Ingroup bias

**12.** Mayank helped the victims of the flood-affected region unconditionally, as he understood that they were in need. This is an example of ________. *1*

(A) Social cognition

(B) Social facilitation

(C) Pro-social behaviour

(D) Impression formation

13. इस प्रश्न में, अभिकथन (A) का कथन और उसके बाद तर्क (R) का कथन दिया गया है । कथनों को पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कीजिए । *1*

*अभिकथन (A) :* किसी व्यक्ति का व्यवहार कभी भी किसी विशेष विषय के प्रति उसकी अभिवृत्ति के विपरीत नहीं होता है ।

*तर्क (R) :* जब अभिवृत्ति प्रबल होगी तो अभिवृत्ति और व्यवहार में संगति होगी ।

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, लेकिन तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन तर्क (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन तर्क (R) सही है ।

14. __________ समूह के सदस्यों को अन्य सदस्यों द्वारा दी जाने वाली सापेक्ष सामाजिक स्थिति को बताती है । *1*

(A) भूमिकाएँ (B) प्रतिमान या मानक

(C) हैसियत या प्रतिष्ठा (D) संरचना

15. जिस अवस्था में समूह के सदस्यों के बीच इस बात को लेकर द्वंद्व चलता रहता है कि समूह के लक्ष्य को कैसे प्राप्त करना है, उसे __________ अवस्था कहते हैं । *1*

(A) निर्माण या आकृतिकरण (B) विप्लवन या झंझावात

(C) प्रतिमान या मानक निर्माण (D) निष्पादन

## खण्ड ख

16. 'मूल्यांकन' शब्द की व्याख्या कीजिए । *2*

17. 'बुद्धिमान होना यह निश्चित नहीं करता कि व्यक्ति सर्जनशील भी होगा ।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण और उदाहरण दीजिए । *2*

18. भारत में मल्लिक एवं जोशी ने जोधपुर बहुपक्षीय व्यक्तित्व सूची विकसित की है । इसे किस परीक्षण से अपनाया गया है ? इसका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उपयोग बताइए । *2*

**13.** In this question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Read the statements and choose the appropriate option. *1*

*Assertion (A) :* A person's behaviour is never contrary to her/his attitude towards a particular topic.

*Reason (R) :* There would be consistency between attitudes and behaviour when the attitude is strong.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**14.** The relative social position given to group members by others is known as __________. *1*

(A) Roles (B) Norms

(C) Status (D) Structure

**15.** The stage in which there is conflict among members about how the target of the group is to be achieved is called the __________ stage. *1*

(A) Forming (B) Storming

(C) Norming (D) Performing

## SECTION B

**16.** Explain the term 'assessment'. *2*

**17.** 'Intelligence by itself does not ensure creativity.' Do you agree with this statement ? Give reasons and examples in support of your answer. *2*

**18.** In India, Mallick and Joshi have developed the Jodhpur Multiphasic Personality Inventory (JMPI). Which test has it been adapted from ? Explain its most important use. *2*

**19.** (क) मुकेश प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा है और चिंतित है । उसके मन में लगातार अतार्किक विचार आता है कि वह सफल नहीं होगा । उस चिकित्सा के विषय में बताइए, जो उसकी दुश्चिंता समझने और उस पर काबू पाने में उसकी सहायता कर सकती है । *2*

**अथवा**

(ख) वसीम को छिपकलियों से दुर्भीति है । एक व्यवहार चिकित्सक वसीम की दुर्भीति का क्या कारण बताएगा ? *2*

**20.** वह चिकित्सा जो व्यक्ति को शरीर, मस्तिष्क और संवेगों से युक्त एक समग्र इकाई मानती है, वह सेवार्थी की समस्याओं के निवारण की व्याख्या भी करती है । इस चिकित्सा पद्धति की पहचान कीजिए और इसकी कोई दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए । *2*

**21.** मृदुल को अपने पड़ोस के लोगों के एक समूह के साथ मिलकर वृक्षारोपण अभियान शुरू करने में बहुत खुशी महसूस होती है । 'हरित पर्यावरण' के प्रति उसकी अभिवृत्ति के किन्हीं दो घटकों का वर्णन कीजिए । *2*

## खण्ड ग

**22.** मोहित अन्य व्यक्तियों के अभिप्रेरकों, भावनाओं और व्यवहार को समझता है और उनके साथ एक सहज संबंध स्थापित कर सकता है । उसे यात्रा करना भी पसंद है क्योंकि वह वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों की सुंदरता को समझता है । गार्डनर के सिद्धांत के अनुसार मोहित के पास विद्यमान बुद्धि के प्रकारों की पहचान कीजिए । मोहित के बारे में दी गई जानकारी के आधार पर बुद्धि के किन्हीं दो अन्य प्रकारों की व्याख्या कीजिए, जो शायद मोहित के पास नहीं हों । *3*

**23.** व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम बनाने वाले किन्हीं तीन जीवन कौशलों के विषय में बताइए । *3*

**24.** (क) क्या दीर्घ समय से चले आ रहे विसामान्य व्यवहार को अपसामान्य कहा जा सकता है ? उदाहरण सहित विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) क्या वियोगज दुश्चिंता विकार को तंत्रिकाजन्य विकार के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है ? वियोगज दुश्चिंता विकार के लक्षणों के विषय में बताते हुए अपने उत्तर के कारण बताइए । *3*

**19.** (a) Mukesh is preparing for an entrance examination and is anxious. He has a persistent irrational thought that he would not succeed. Explain the therapy that can help him understand and overcome his anxiety. *2*

**OR**

(b) Wasim has a phobia of lizards. What causes will a behaviour therapist assign to Wasim's phobia ? *2*

**20.** The therapy which considers a person as a whole entity consisting of body, mind and emotions, also explains the alleviation of the client's problems. Identify the therapy and state any two key features of this therapy. *2*

**21.** Mridul feels very happy to join a group of people in his neighbourhood to start a tree plantation campaign. Explain any two components of his attitude towards a 'green environment'. *2*

## SECTION C

**22.** Mohit understands the motives, feelings and behaviours of other people and can develop a comfortable relationship with them. He also likes to travel as he recognises the beauty of different species of flora and fauna. Identify the types of intelligence that Mohit possesses in accordance with Gardner's theory. From the information provided about Mohit, explain any two other types of intelligence that Mohit may not be possessing. *3*

**23.** Describe any three life skills that can help a person meet life's challenges. *3*

**24.** (a) Can a long-standing pattern of deviant behaviour be considered abnormal ? Elaborate and state an example of the same. *3*

**OR**

(b) Is separation anxiety disorder classified under neurodevelopmental disorders ? Give reasons for your answer by enumerating the symptoms of separation anxiety disorder. *3*

## खण्ड घ

**25.** विमल का पालन-पोषण तकनीकी रूप से उन्नत समाज में हुआ है । उसके द्वारा अपनाई गई बुद्धि की व्याख्या कीजिए । क्या इसके सांस्कृतिक कारकों के अनुरूप होने की संभावना है ? अपने उत्तर के कारण बताइए । *4*

**26.** एक मनोवैज्ञानिक ने रूपा के व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने के लिए प्रक्षेपी तकनीकों का उपयोग किया । प्रत्यक्ष विधियों की तुलना में उसके लिए इन तकनीकों का उपयोग करने की मुख्य विशेषताएँ व लाभ क्या हैं ? *4*

**27.** व्यवहार चिकित्सा में उपयोग की जाने वाली किन्हीं चार तकनीकों का वर्णन कीजिए । *4*

**28.** (क) साक्षी स्कूल बास्केटबॉल टीम की सदस्य है । संतोष शिक्षकों के ऐसे समूह का सदस्य है जो स्कूल में सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में मदद करता है । साक्षी की टीम और संतोष के समूह के बीच मुख्य अंतर स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) मदन 'वयस्क को पढ़ाएँ' समूह में शामिल हो गए । इस प्रकार वह उन वयस्कों की सहायता करने की अपनी इच्छा पूरी कर सकते थे, जिन्हें शिक्षित होने का अवसर नहीं मिला । समूह में उनकी भागीदारी के कारण उन्हें उदार और महत्त्वपूर्ण समझा जाता था । आपके अनुसार मदन इस समूह में क्यों शामिल हुए ? *4*

## खण्ड ङ

**29.** (क) व्यवहारपरक विश्लेषण में प्रयुक्त होने वाली साक्षात्कार और प्रेक्षण विधियों की चर्चा कीजिए । इन विधियों के उपयोग में आने वाली समस्याओं का वर्णन कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) फ्रायड के व्यक्तित्व सिद्धांत के संदर्भ में व्यक्तित्व की संरचना स्पष्ट कीजिए । *6*

**30.** (क) 'विच्छेदन' शब्द से आप क्या समझते हैं ? इसके विभिन्न रूपों की व्याख्या कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) तंत्रिकाजन्य विकारों की सामान्य विशेषताएँ क्या हैं ? किन्हीं तीन तंत्रिकाजन्य विकारों का वर्णन कीजिए । *6*

## SECTION D

**25.** Vimal is brought up in a society which is technologically advanced. Explain the intelligence that is adopted by him. Is it likely to be tuned by the cultural factors ? Give reasons for your answer. *4*

**26.** A psychologist used projective techniques to assess Rupa's personality. What are the chief features and benefits of using these tests for her, when compared to the direct methods ? *4*

**27.** Explain any four techniques used in behaviour therapy. *4*

**28.** (a) Sakshi is a member of the school basketball team. Santosh is a member of a group of teachers that help with co-curricular activities in the school. State the key differences between Sakshi's team and Santosh's group. *4*

**OR**

(b) Madan joined the 'Teach an Adult' group. He could fulfil his desire to help the adults who had no opportunity to study. Because of his participation in the group, he was perceived to be generous and important. Why do you think Madan joined this group ? *4*

## SECTION E

**29.** (a) Discuss the interview and observation methods used in behavioural analysis. Describe the problems we face in using these methods. *6*

**OR**

(b) Enumerate the structure of personality with respect to Freud's theory of personality. *6*

**30.** (a) What do you understand by the term 'dissociation' ? Explain its various forms. *6*

**OR**

(b) What are the common features of neurodevelopmental disorders ? Describe any three neurodevelopmental disorders. *6*

## खण्ड च

### व्यक्ति अध्ययन-1

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन पढ़कर पूछे गए प्रश्नों **(प्र. 31 व 32)** के उत्तर दीजिए :*

अग्निशमन विभाग को एक घर में आग लगने की सूचना मिली । आग खाना बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले गैस सिलेंडर के विस्फोट से लगी । घायल सुमन अस्पताल के बिस्तर पर पड़ी थी । वह प्रेस संवाददाता से बात कर रही थी । उसने बताया कि घटना के समय उसकी माँ रसोईघर में थी । एक तेज़ आवाज के साथ सिलेंडर फट गया और आग तेज़ी से फैल गई । घर के निकास द्वार में भी आग लग गई थी । उसकी माँ जैसे सारी आशाएँ खोकर घबराहट में चिल्लाने लगी और रसोईघर में ही बेहोश हो गई । सुमन अपनी माँ को बचाने के लिए कृत संकल्प थी । उसने कहा, "मैं नहीं जानती कि अपनी माँ को कमरे तक खींचने की शक्ति मुझमें कैसे आई । मैंने वहाँ की खिड़की तोड़ दी और बाहर कूद गई । यद्यपि मेरी पीठ पर चोट लग गई थी तथापि बिना समय नष्ट किए मैंने अपने पड़ोसी से मदद माँगी और अपनी माँ को बचा लिया । मुझे खुशी है कि हम दोनों सुरक्षित हैं ।" उसकी कहानी सुनकर प्रेस संवाददाता उसकी वीरता से प्रभावित हुआ ।

**31.** सामान्य अनुकूलन संलक्षण (GAS) मॉडल का वर्णन करते हुए बताइए कि अग्नि (हानिकर उद्दीपक) का सुमन की माँ पर तत्काल क्या प्रभाव पड़ेगा ? *1*

**32.** आग फैलते समय सुमन और उसकी माँ लंबे समय तक दबाव में रही । सामान्य अनुकूलन संलक्षण मॉडल, सुमन और उसकी माँ की स्थिति को कैसे समझाता है ? *2*

### व्यक्ति अध्ययन-2

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन पढ़कर पूछे गए प्रश्नों **(प्र. 33 व 34)** के उत्तर दीजिए :*

सोफ़िया दलीप सिंह पंजाब के अंतिम सिख सम्राट महाराजा दलीप सिंह की बेटी थी । सोफ़िया लंबे समय से महिला मताधिकार आंदोलन (मत/वोट देने का अधिकार) की समर्थिका थी और ब्रिटेन में महिला अधिकारों को लेकर अभिवृत्ति बदलने के लिए अग्रणी प्रचारक थी । हालाँकि लोगों को उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है ।

सन् 1910 में वह 300 महिला मताधिकार का समर्थन करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थी, जिसने लंदन में संसद की ओर मार्च किया था । प्रधानमंत्री ने महिलाओं से मिलने से मना कर दिया और इमारत के बाहर खड़ी भीड़ में पुलिसकर्मियों और पुरुषों द्वारा उन्हें पीटे जाने पर यह प्रदर्शन हिंसक हो गया । कई प्रदर्शनकारी गंभीर रूप से घायल हो गए और उस दिन को ब्रिटेन में ब्लैक फ्राइडे कहा जाने लगा । सोफ़िया उन 119 महिलाओं में शामिल थी, जिन्हें गिरफ़्तार किया गया था ।

## SECTION F

### Case Study-1

*Read the case study given below and answer the questions* ***(Q. 31 and 32)*** *that follow :*

The fire department received a call about a fire that swept through a house. The fire started with the explosion of a gas cylinder used for cooking. The injured Suman was lying on a hospital bed. She was talking to a press reporter. She expressed that her mother was in the kitchen when the incident occurred. The cylinder burst with a loud sound and the fire spread at great speed. The exit door of the house had also caught fire. Her mother shouted in panic as if she had lost all hope, and she fainted in the kitchen. However, Suman was determined to save her mother. She said "I don't know how I got the energy to drag my mother to the room. I broke the window there and jumped out. My back got hurt, but without wasting any time, I sought the help of my neighbour and rescued my mother. I am happy that we are both safe." Hearing her story, the press reporter was impressed with her chivalry.

**31.** Referring to the General Adaptation Syndrome (GAS) model, what immediate impact does the fire (noxious stimulus) have on Suman's mother ? *1*

**32.** Suman and her mother were exposed to prolonged stress as the fire spread. How does the General Adaptation Syndrome model explain Suman and her mother's condition ? *2*

### Case Study-2

*Read the case study given below and answer the questions* ***(Q. 33 and 34)*** *that follow :*

Sophia Duleep Singh was the daughter of Maharaja Duleep Singh — the last Sikh emperor of Punjab. Sophia was a long-time supporter of the Women's Suffrage movement (right to vote) and a leading campaigner for changing attitudes about women's rights in Britain. However, she remains a little-known figure.

In 1910, she was part of a delegation of 300 suffragettes who marched towards the Parliament in London. The Prime Minister refused to meet the women and the demonstration turned violent as policemen and men in the crowd outside the building beat them. Many of the demonstrators were seriously injured and the day came to be called Black Friday in the UK. Sophia was among the 119 women who were arrested.

सोफ़िया ने अपनी विरासत से ऊपर उठकर स्वयं को अन्याय और असमानता के विरुद्ध लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया । उनके मुख्य मुद्दे थे – भारतीय स्वतंत्रता के लिए संघर्ष, प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने वाले भारतीय सैनिकों का हित और सबसे बढ़कर महिला मताधिकार के लिए लड़ाई । राजकुमारी सोफ़िया ने आजीवन भारतीयों, विशेष रूप से महिलाओं, का समर्थन किया ।

**33.** 'उनके मुख्य मुद्दे थे – भारतीय स्वतंत्रता के लिए संघर्ष, प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने वाले भारतीय सैनिकों का हित और सबसे बढ़कर महिला मताधिकार के लिए लड़ाई ।' ये सभी अभिवृत्तियाँ अन्याय और असमानता के विरुद्ध एक व्यापक अभिवृत्ति में समाहित थीं । यहाँ निर्दिष्ट विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *1*

**34.** मौजूदा अभिवृत्ति (महिलाओं के वोट देने के अधिकार के प्रति) की विशेषताएँ अभिवृत्ति परिवर्तन को प्रभावित करती हैं । इनसे सोफ़िया को महिलाओं के वोट देने के अधिकार के प्रति अभिवृत्ति परिवर्तन करने में किस सीमा तक मदद मिली होगी ? *2*

Sophia transcended her heritage to devote herself to battling injustice and inequality. Her main causes were the struggle for Indian Independence, the welfare of Indian soldiers in the First World War — and, above all, the fight for female suffrage. Princess Sophia supported Indians, particularly women, throughout her life.

**33.** 'Her causes were the struggle for Indian independence, the welfare of Indian soldiers in the First World War — and, above all, the fight for female suffrage.' All of these attitudes were present within a broader attitude, i.e., the attitude against injustice and inequality. Explain the feature specified here. *1*

**34.** The characteristics of the existing attitude (towards women's right to vote) influence the attitude change. To what extent could these have helped Sophia bring about the change in attitude towards women's right to vote ? *2*